फेंकना	स. क्रि.	1. हाथ से किसी चीज को ऊंचा उछाल कर गिरा देना;	എറിയുക;	एंरियुक;	to throw, fling, cast, hurl;
		2. गिरा या छोड़ देना;	ഉപേക്ഷിക്കുക;	उपेक्षिक्कुक;	to drop, to lose;
		3. असावधानी, आलस्य या भूल आदि के कारण चीजें इधर-उधर फैलाना या छोड़ना;	അശ്രദ്ധയായി അവിടവിടെ വാരിയിടുക, മറന്നോ ശ്രദ്ധിക്കാതെയോ ഇട്ടിട്ടുപോവുക;	अश्रद्धयायि अविटविटे वारियिटुक, मरन्नो श्रद्धिक्कातेयो इट्टिट्टुपोवुक;	to mislay, to place or throw carelessly;
		4. अनावश्यक रूप से या व्यर्थ व्यय करना।	അനാവശ്യമായി ചെലവാക്കുക	अनावश्यमायि चेलवाक्कुक	to spend unnecessarily or uselessly.
फेंटना	स. क्रि.	1. उंगलियों से हिलाकर किसी चीज को अच्छी तरह मिलाना;	കൈകൊണ്ടു കലക്കുക, ഇളക്കിച്ചേർക്കുക;	कैकांण्टु कलक्कुक, इळक्किच्चेर्क्कुक;	to beat up froth, to mix by trituration;
		2. ताश के पत्तों को इस प्रकार मिलाना कि उनका क्रम बदल जाए।	ചീട്ടു കശക്കുക	चीट्टु कशक्कुक	to shuffle.
फेंटा	पुं.	1. धोती का वह भाग जो कमर के चारों ओर लपेटा जाता है;	വസ്ത്രത്തിന്റെ അരയിൽ ചുറ്റുന്ന ഭാഗം;	वस्त्रत्तिन्ट अरयिल चुरुन्न भागं;	part of dhoti tucked up round. the waist;
		2. छोटी पगड़ी।	ചെറിയതലപ്പാവ്	चेंरिय तलप्पाव्	small turban.
फेन	पुं.	झाग।	പത, നുര	पत, नुर	froth, foam.
फेनिल	वि.	झागदार।	പതഞ്ഞ,	पतञ्ञ	frothy, foamy.
फेनी	स्त्री.	घी में छाना हुआ मैदे का लच्छा जिसे दूध में भिगोकर और शक्कर मिलाकर खाते हैं।	ഒരു മധുര പലഹാരം	ओरु मधुर पलहारं	kind of sweetmeat.
फेफड़ा	पुं.	छाती के नीचे स्थित थैली के आकार का अवयव जिससे रीढ़वाले अधिकांश प्राणी सांस लेते हैं।	ശ്വാസകോശം	श्वासकोशं	lung.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
फेर	पुं.	1. घुमाव, चक्कर;	കറക്കം, ചുററ്;	करक्कं, चुरर्;	turning, turn, twist, curvature;
		2. भ्रम या उलझन;	കുഴങ്ങൽ, ഭ്രമം;	कुषङ्ङल्; भ्रमं;	dilemma, perplexity;
		3. चालाकी या धोखेबाजी से भरी हुई चाल या युक्ति;	സാധാരണ നടപടി, നടപടിക്രമം;	साधारण नटपटि, नटपटिक्रमं;	ruse, trick, subterfuge;
		4. घुमावदार मार्ग या रास्ता।	കൗശലം, സൂത്രം	कौशलं, सूत्रं	circuitous route.
फेरना	स. क्रि.	1. कोई चीज को किसी फेरे या घेर में बार-बार घुमाना;	തിരിക്കുക, കറക്കുക;	तिरिक्कुक, करक्कुक;	to turn, to turn round;
		2. कोई चीज लेकर चारों ओर या चक्कर-सा लगाते हुए सब के सामने जाना;	എല്ലാവരുടെയും അടുക്കലെത്തിക്കുക, അറിയിക്കുക;	एल्लावरुटेयुं अटुक्कलेत्तिक्कुक, अरियिक्कुक;	to circulate, to proclaim, to announce.;
		3. किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु न लेना और उसे लौटा देना;	സ്വീകരിക്കാതെ മടക്കി അയക്കുക, തിരിച്ചയയ്ക്കുക;	स्वीकरिक्कातें मटक्कि अयय्क्कुक, तिरिच्चयय्क्कुक;	to turn away, to reject, to send back;
		4. जो चीज जिस दिशा में हो उसका पार्श्व या मुंह उससे विपरित दिशा में करना;	വിപരീത ദിശയിലാക്കുക, വശം തിരിക്കുക;	विपरीत दिशयिलाक्कुक, वशं तिरिक्कुक;	to turn over, to reverse, invert;
		5. किसी तल पर कोई चीज चारों ओर इधर-उधर, ऊपर-नीचे ले जाना और ले आना (जैसे सिर पर हाथ फेरना, दीवार पर चूना या रंग फेरना आदि)।	തടവുക, തലോട്ടുക, ചുവരിൽ വെള്ളയടിക്കാനും മറ്റും ബ്രഷ് ഓടിക്കുക	तटवुक, तलोटुक, चुवरिल वॅल्ळयटिक्कानुं मरुं ब्रष् ओटिक्कुक	to stroke, to fondle, caress, to pass (a brush, colour, over), to colour, to whitewash.
फेरफार	पुं.	उलट-फेर, परिवर्तन।	മാററിമറിക്കൽ,	मारिर् मरिक्कल,	shuffling, change.
फेरा	पुं.	1. किसी चीज के चारों ओर फिरने अर्थात् घूमने की क्रिया या भाव;	ചുററൽ, നാലു വശവും ചുററൽ, പ്രദക്ഷിണം;	चुररल, नालु वशवुं चुररल, प्रदक्षिणं;	circuit round, perambulation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विवाह के समय वर-वधू द्वारा की जानेवाली अग्नि की परिक्रमा।	വിവാഹ സമയത്ത് വധൂവരന്മാർ ചെയ്യുന്ന അഗ്നി പ്രദക്ഷിണം	विवाह समयत्त् वधूवरन्मार् चेय्युन्न अग्नि-प्रदक्षिणं	matrimonial rite according to which the bride and the bridegroom move round the sacred fire.
फेरी	स्त्री.	1. देवी-देवता आदि की की जानेवाली परिक्रमा;	പ്രദക്ഷിണം;	प्रदक्षिणं;	going round, circumambulation (round an object);
		2. छोटे व्यापारी द्वारा गलियों, गांवों आदि में फुटकर ग्राहकों के हाथ सामान बेचने के उद्देश्य से लगाया जानेवाला चक्कर।	സാമാനങ്ങൾ വിൽക്കാൻ തെരുവുകളിലും ഗ്രാമങ്ങളിലും മററും ചുററി നടക്കൽ	सामानुइ-ङ-ळ विलक्कान् तंरुवुकळिलुं ग्रामङ्-ङ-किलुं मर्र् चुरिर् नटक्कल	hawking, the rounds of a pedlar.
फेरीवाला	पु.	वह छोटा व्यापारी जो गली-गली या गांव-गांव में घूम कर सौदा बेचता है।	കൊണ്ടു നടന്നു കച്ചവടം ചെയ്യുന്നവൻ	कॉण्टुनटन्नु कच्चवटं चेय्युन्नवन्	hawker, pedlar.
फेल	वि.	1. जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ हो;	പരീക്ഷയിൽ തോററ;	परीक्षयिल् तोर्र्;	failed, plucked;
		2. जो अपने प्रयास में विफल हुआ हो।	പരാജയപ്പെട്ട	पराज्यप्पेट्ट	unsuccessful.
फेहरिस्त	स्त्री.	सूची, यादी।	പട്ടിക, ലിസ്റ്റ്	पट्टिक, लिस्र्र्	list, inventory.
फैलना	अ.क्रि.	1. किसी चीज का विस्तार से युक्त होना;	പരക്കുക, വ്യാപിക്കുക, വികസിക്കുക, വിസ്തൃതമാകുക;	परक्कुक, व्यापिक्कुक, विकसिक्कुक, विस्तृतमाकुक;	to be spread, to be diffused, to be scattered, to spread, to expand, to extend, to stretch or to reach out;
		2. किसी बात आदि का	(വാർത്ത)	(वार्त्त)	to spread around,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		व्यापक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनना;	പരക്കുക, പ്രചരിക്കുക;	परक्कुक, प्रचरिक्कुक;	become public;
		3. कुछ अधिक पाने या लेने के लिए आग्रहपूर्वक याचना या हठ करना।	കൂടുതൽ കിട്ടണമെന്നു് നിർബന്ധിക്കുക, -ശഠിക്കുക	कूटुतल् किट्टण-मेन्नु् निर्बन्धि-क्कुक, – शठिक्कुक	to rise in one's demands or requirements, to be exacting.
फैलाना	स. क्रि.	1. किसी को फैलने में प्रवृत्त करना;	പരത്തുക, വ്യാപിക്കുക, വികസിപ്പിക്കുക;	परत्तुक, व्यापिप्पिक्कुक, विकसिप्पिक्कुक;	to spread, to stretch, to expand;
		2. कोई चीज खींचकर विस्तार या सीमा तक ले जाना;	നീട്ടുക, വലിച്ചു നീട്ടുക;	नीट्टुक, वलिच्चुनीट्टुक;	to lengthen, to draw out;
		3. किसी प्रकार के घेरे या विवर का विस्तार बढ़ाना।	വിതർത്തുക, വിടർത്തുക, വിരിക്കുക.	वितर्त्तुक, विटर्त्तुक, विरिक्कुक	to diffuse, to unfurl.
फैलाव	पु.	1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव;	പരക്കൽ, പ്രചരിക്കൽ;	परक्कल, प्रचरिक्कल;	spreading, spreading out;
		2. उतनी लम्बाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज फैली हुई हो।	വിസ്താരം, വികാസം, വ്യാപ്തി	विस्तारं, विकासं, व्याप्ति	expansion, stretch.
फैशन	पु.	बनाव-शृंगार करने के आधुनिक और प्रचलित ढंग।	നിലവിലുള്ള പരിഷ്കാര രീതി,	निलविलुल्ल परिष्कार रीति,	fashion.
फैसला	पु.	1. न्यायकर्त्ता द्वारा दी जानेवाली व्यवस्था;	വിധി, വിധി നിർണയം;	विधि, विधिनिर्णयं;	judgement, decision;
		2. किसी बात के संबंध में किया गया अन्तिम निर्णय।	അവസാന തീരുമാനം, തീർപ്പ്	अवसानु तीरुमानं, तीर्प्प	settlement.
फोकट	वि.	जिसके लिए कुछ परिश्रम या व्यय न करना पड़े।	വെറുതെ കിട്ടുന്ന, സൗജന്യമായ	वंरुतं किट्टुन्न, सौजन्यमाय	free, free of charge, gratis.
फोटो (फोटोग्राफ)	पु., स्त्री.	एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण द्वारा खींचा हुआ चित्र।	ഛായാപടം, ഫോട്ടോ	छायापटं, फोट्टो	photo, photograph.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
फोटोग्राफर	पुं.	एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण द्वारा चित्र खींचनेवाला, चित्रकार।	ഫോട്ടോ എടുക്കുന്നവൻ, ഛായാഗ്രാഹി	फ़ोट्टो एंटुक्कुन्नवन्, छायाग्राहि	photographer.
फोटोग्राफी	स्त्री.	फोटो उतारने के यंत्र के द्वारा फोटो या छाया-चित्र बनाने की कला तथा कृत्य।	ഫോട്ടോ എടുക്കൽ, ഛായാഗ്രഹണം	फ़ोट्टो एटुक्कल, छायाग्रहणं	photography.
फोड़ना	स. क्रि.	1. शीशा, चीनी या मिट्टी आदि की कोई वस्तु खंड-खंड करना या तोड़ना;	പൊട്ടിക്കുക, തകർക്കുക;	पोट्टिक्कुक तकर्क्कक;	to break to pieces, to break, to burst open;
		2. किसी खोखली या वायु-भरी वस्तु को आघात या दाबाव द्वारा तोड़ना;	ഉടയ്ക്കുക, പിളർക്കുക;	उटय्क्कुक पिळर्क्कुक;	to explode, to split;
		3. किसी दल या पक्ष के व्यक्ति या व्यक्तियों को प्रलोभन देकर अपनी ओर मिलाना;	പറഞ്ഞുമയക്കി സ്വപക്ഷത്താക്കുക;	परञ्ञु मयक्कि स्वपक्षत्ताक्कुक;	to induce (a person), to defect;
		4. कोई ऐसा परिश्रम करना जिसका कोई फल न हो या बहुत ही कम फल हो;	വൃഥാ പ്രയത്നിക്കുക, സമയം പാഴാക്കുക;	वृथा प्रयत्निक्कुक, समयं पाषाक्कुक;	to waste one's time on unyielding or infructuous job;
		5. किसी का भेद या रहस्य सब पर प्रकट करना।	രഹസ്യം വെളിപ്പെടുത്തുക, തുറന്നുകാട്ടുക	रहस्यं वेंळिप्पेटुत्तुक, तुरन्नु काट्टुक	to disclose, divulge, betray (a secret):
फोड़ा	पुं.	शारीरिक विकार के कारण होनेवाला ऐसा व्रण जिसमें रक्त सड़कर मवाद का रूप धारण कर लेता है।	പരു, കുരു, വ്രണം	परु, कुरु, व्रणं	boil, tumour, abscess, ulcer.
फौज	स्त्री.	सेना या झुंड।	സൈന്യം, പടക്കൂട്ടം, സംഘം	सैन्यं, पट, कूट्टं, संघं	crowd (of men etc.), multitude, army.
फौजदारी	स्त्री.	गहरी मारपीट की कोई घटना।	അടിപിടി, അടികലശൽ	अटिपिटि, अटिकलशल्	criminal fighting; assault, breach of

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
			ലഹള, കൈയേറ്റം	लहळ, कैयेर्र्ं	the peace, criminal offence.
फौजदारी अदालत	स्त्री.	वह न्यायालय जिसमें मार-पीट, हत्या आदि संबंधी मुकदमों की सुनवाई होती है।	ക്രിമിനൽ ക്കോടതി	क्रिमिनूलक्कोटति	criminal court.
फौजी	वि.	फौज का या उससे संबंधित	സൈന്യത്തെ സംബന്ധിച്ച, പട്ടാള-	सैन्यत्तं संबन्धिच्च, पट्टाळ-	of or belonging to the army, military, martial.
फौरन	क्रि. वि.	तत्काल।	ഉടൻ, ഉടനെ, ഉടനടി, തൽക്ഷണം	उटन्, उटन्ं, उटन्टि, तत्क्षणं	quickly, immediately, at once.
फौलाद	स्त्री, पु.	असली लोहा।	ഉരുക്ക്, സ്റ്റീൽ	उरुक्क्, स्र्रील	steel.
फौलादी	वि.	1. फौलाद का बना हुआ;	ഉരുക്ക-, സ്റ്റീൽ-;	उरुक्कु -, स्र्रील -;	made of steel;
		2. बहुत ही दृढ़ या पक्का।	ഉറച്ച, ബലിഷ്ഠമായ, സുശക്തമായ	उर्च्च, बलिष्ठमाय, सुशक्तमाय	strong, stout, sturdy.
बंकिम	वि.	1. तिरछा, टेढ़ा; 2. बांका।	വക്രമായ; ഭംഗിയുള്ള	वक्रमाय; भंगियुळ्ळ	oblique, curved; coquettish, showy.
बंगला	पु. स्त्री.	1. चारों ओर से खुला हुआ एक मंजिला मकान; 2. बंगाल की भाषा।	ചെറിയ ഒറ്റ നിലക്കെട്ടിടം; ബങ്കാളി ഭാഷ	चॆरिय ऒर्र्निल-क्कॆट्टिटटं; बंकाळि भाष	small bungalow, cottage. Bengali language.
बंजर	वि.	ऊसर भूमि जहां कुछ पैदा न हो सके।	ഒന്നുമുണ്ടാകാത്ത, ഊഷരമായ (ഭൂമി)	ऒन्नुमुण्टाकात्त, ऊषरमाय (भूमि)	waste (land), unproductive (land).
बंजारा	स्त्री., पु.	1. घूम-फिर कर नून, तेल, अन्न आदि बेचनेवाली एक जाति;	ധാന്യങ്ങൾ;	धान्यङ्ङळ;	a caste or class who are carriers of grain, salt etc;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्त जाति का सदस्य।	പ്രസ്തുത ജാതിയിൽപ്പെട്ടവൻ	प्रस्तुत जातियिल-प्पेटवन्	member of above class.
बंटना	अ. क्रि.	अलग-अलग हिस्सा होना या बांटा जाना।	വിഭജിക്കപ്പെടുക, വീതിക്കപ്പെടുക	विभजिक्कप्पेटुक, वीतिक्कप्पेटुक	to be divided or shared.
बंटवाना	स. क्रि.	1. दूसरों को कोई चीज बांटने या हिस्से करने में प्रवृत्त करना;	വിതരണം ചെയ്യിക്കുക;	वितरणं चेय्यिक्कुक;	to cause to distribute, to share, to divide etc;
		2. किसी चीज़ की बांट या उसके हिस्से करवाना।	പങ്കുവയ്പിക്കുക, വീതം വയ്പിക്കുക	पंकु वयप्पिक्कुक, वीतं वयप्पिक्कुक	to cause to be shared, to be distributed or to be divided.
बंटवारा	पु.	1. बांटने का काम; 2. भाइयों या हिस्सेदारों में होनेवाला विभाजन।	വിതരണം; ഭാഗം വയ്ക്കൽ, വീതം വയ്ക്കൽ	वितरणं; भागं वय्क्कल, वीतं वय्क्कल	act of dividing; partition of property etc. amongst brothers or relatives.
बंटाई	स्त्री.	1. बांटने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक;	വീതിക്കൽ, വിഭജിക്കുന്നതിനുള്ള കൂലി;	वीतिक्कल, विभजिक्कुन्नतिनुळळ कूलि;	act or state of dividing, partitioning;
		2. बांटे जाने की अवस्था या भाव।	വിഭജനം, ഭാഗം വയ്ക്കൽ	विभजनं, भागं वय्क्कल	division, partition.
बंटाढार	वि.	पूरी तरह से चौपट या भ्रष्ट किया हुआ।	നിശ്ശേഷം നശിച്ച, നാമാവശേഷമായ	निशेषं नशिच्च, नामावशेषमाय	completely destroyed, devastated, undone.
बंटाना	स. क्रि.	1. संपत्ति आदि के हिस्से कराना;	വീതം അഥവാ പങ്കു വയ്പിക്കുക;	वीतं अथवा पंकु वय्प्पिक्कुक;	to cause property etc. to be shared or distributed;
		2. किसी काम या बात में इस प्रकार सम्मिलित होना कि दूसरे का भार हल्का हो जाए।	അന്യന്റെ ഭാരം ലഘൂകരിക്കുക, അന്യനെ സഹായിക്കുക	अन्यन्ट भारं लघुकरिक्कुक, अन्यनु सहायिक्कुक	to lend a helping hand.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बंडल	पुं.	रस्सी आदि से अच्छी तरह बंधा हुआ पुलिंदा।	കെട്ട്, പൊതി കെട്ട്, ബണ്ടിൽ	कंट्ट्, पोतिक्कंट्ट् बटिल्	bundle.
बंडी	स्त्री.	बिना आस्तीन की एक प्रकार की कुरती।	കയ്യില്ലാത്ത ഒരിനം കുപ്പായം	कय्यिल्लात्त ओरिनं कुप्पायं	short robe, waist coat.
बंद	वि.	1. बंधा हुआ, कसा हुआ;	കെട്ടപ്പെട്ട; ബന്ധിക്കപ്പെട്ട;	कंट्टप्पंट्ट, बन्धिक्कप्पंट्ट;	bound, tied up, fastened;
		2. बन्धन में, कैद में;	തടവിലാക്കപ്പെട്ട;	तटविलाक्कप्पंट्ट;	in prison, behind the bars;
		3. चारों ओर से दीवारों आदि से घिरा (स्थान);	അടഞ്ഞ;	अटञ्ञ;	closed, shut;
		4. बाधायुक्त।	തടയപ്പെട്ട, നിരോധിക്കപ്പെട്ട	तटयप्पंट्ट, निरोधिक्कप्पंट्ट	prevented, hindered.
बंदगी	स्त्री.	1. सेवा या सेवक, अनुचर होने का भाव;	സേവനം, സേവകത്വം;	सेवनं, सेवकत्वं;	service or servitude,
		2. ईश्वर की वन्दना।	ഈശ്വരാരാധന	ईश्वराराधनं	worship.
बंदगोभी	स्त्री.	पातगोभी।	മൊട്ടക്കൂസ്	मोट्टक्कूस्	cabbage.
बंदनवार	पुं.	आम, अशोक आदि की पत्तियों को डोरी में बांध कर शुभ अवसरों में दरवाजों पर लगाया जाता है।	തോരണം	तोरणं	festoon of leaves of mango tree etc. suspended across gateways on festive occasions.
बंदर	पुं.	एक प्रसिद्ध स्तनपायी चौपाया जो वृक्षों पर रहता है, मनुष्य से मिलता-जुलता है।	കുരങ്ങ്, വാനരൻ	कुरङ्ङ्, वानरन्	monkey, ape.
बंदरगाह	पुं.	समुद्र के किनारे वह स्थान जहां जहाज ठहरते हैं।	തുറമുഖം	तुरमुख	port.
बंदरघुड़की	स्त्री.	बंदरों की तरह डराते हुए दी जानेवाली ऐसी धमकी जो दिखावे भर की हो पर जो पूरी न की जाए।	കഴമ്പില്ലാത്ത ഭീഷണി, വെറും വെരുട്ടൻ	कषंपिल्लात्त भीषणि, वेरुं वेरुट्टल्	empty threat.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बंदरिया	स्त्री.	बंदर की मादा।	പെൺകുരങ്ങ്	पंण्कुरङ्ङ.	female monkey.
बंदा	पुं.	1. दास या सेवक; 2. भक्त।	സേവകൻ; ഭക്തൻ,	सेवकन्; भक्तन्,	slave or servant; devotee.
बंदिश	स्त्री.	1. बांधने की क्रिया या भाव; 2. प्रतिबन्ध, बन्धन; 3. कविता के चरणों, वाक्यों आदि में होनेवाली शब्द-योजना।	ബന്ധിക്കൽ, ബന്ധനം; നിയന്ത്രണം; പദഘടന, കാവ്യത്തിന്റെ രചനാരീതി	बन्धिक्कल्, बन्धनं; नियन्त्रणं; पदघटन्, काव्यत्तिन्ट रचनारीति	act or state of tying, binding etc; restriction; composition, construction (in poetry).
बंदी	पुं.	कैदी, बन्धन में रखा गया।	തടവുകാരൻ	तटवुकारन्	prisoner, captive.
बंदीगृह	पुं.	कैदखाना।	ജയിൽ, കാരാഗൃഹം	जयिल्, कारागृहं	prison, gaol.
बंदूक	स्त्री.	ऐसा अस्त्र जिसमें कारतूस गोली आदि भर कर इस प्रकार छोड़ी जाती है कि लक्ष्य पर जाकर गिरती है।	തോക്ക്	तोक्क्	rifle.
बंदूकची	पुं.	बंदूक चलानेवाला।	തോക്കുകാരൻ, വെടിക്കാരൻ	तोक्कुकारन्, वेंटिक्करान्	musketeer, rifleman.
बंदोबस्त	पुं.	प्रबन्ध या व्यवस्था।	ഏർപ്പാട്, വ്യവസ്ഥ	एर्प्पाट्, व्यवस्थ	arrangement, administration.
बंध	पुं.	1. वह चीज जिससे कोई दूसरी चीज बांधी जाए, डोरी, रस्सी; 2. गांठ या बंधन; 3. गठन, रचना; 4. बांध (नदी आदि पर)।	ചരട്, കയറ്; ബന്ധനം; ഘടന, രചന, നിർമ്മിതി; അണക്കെട്ട്	चरट्, कयरु; बन्धनं; घटन्, रचन्, निर्म्मिति; अणक्कंट्ट	string, cord; knot or bondage; construction, composition; dam.
बंधक	पुं.	1. बांधनेवाला; 2. गिरवी या रेहन।	ബന്ധിക്കുന്നവൻ; പണയം	बन्धिक्कुन्नवन्; पणयं	binder; pawn, pledge.
बंधन		1. बांधने आदि की क्रिया या भाव;	കെട്ടൽ, ബന്ധിക്കൽ;	कट्टल्, बन्धिक्कल्;	fastening, binding, tying;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी प्रकार की कोई रुकावट;	നിയന്ത്രണം, പ്രതിബന്ധം;	तटस्सं, नियंत्रणं, प्रतिबन्धं;	obstacle, hindrance, check, restraint;
		3. गांठ आदि।	കെട്ട്, കുടുക്ക്	कट्ट, कुटुक्क्	tie, knot.
बंधना	अ. क्रि.	1. बंधन में पड़ना;	കെട്ടപ്പെടുക,	कट्टप्पेटुक;	to be bound, fastened, etc;
		2. किसी प्रकार के नियमन, प्रतिबंध आदि से युक्त होना।	നിയന്ത്രിക്കപ്പെടുക	नियन्त्रिक्कप्पेटुक	to be restricted or regulated.
बंधनी	स्त्री.	जिससे कोई चीज बंधी हुई हो, रस्सी, डोरी आदि।	ബന്ധിക്കാനുപയോഗിക്കുന്ന ചരട്, കയറ് മുതലായവ	बन्धिक्कानुपयोगिक्कुन्न चरट्, कयर् मुतलायव	instrument for tying or holding together, tie, string, rope, etc.
बंध-पत्र	पु.	1. विधिक दृष्टि से मान्य वह पत्र जिस पर हस्ताक्षर करनेवाला व्यक्ति अपने आपको किसी काम के लिए प्रतिज्ञाबद्ध करता है;	കരാർ, കരാർ പത്രം;	कारर्, करारपत्रं;	bond;
		2. एक प्रकार का सार्वजनिक ऋणपत्र जिसमें निश्चित समय के अन्दर कुछ विशिष्ट नियमों या शर्तों के अनुसार लिया हुआ ऋण चुकाने की प्रतिज्ञा होती है।	കടപ്പത്രം	कटप्पत्रं	loan-bond.
बंधवाना	स. क्रि.	1. बांधने का काम किसी दूसरे से करवाना;	ബന്ധിപ്പിക്കുക, കെട്ടിക്കുക;	बन्धिप्पिक्कुक, कट्टिक्कुक;	to get bound;
		2. वस्तु आदि की रचना कराना, बनवाना आदि;	ഉണ്ടാക്കിക്കുക, തയ്യാറാക്കിക്കുക;	उण्टाक्किक्कुक, तय्यारुक्किक्कुक;	to get constructed, framed, prepared, etc.;
		3. कारागार में डलवाना।	തടവിലാക്കിക്കുക	तटविलाक्किक्कुक	to get imprisoned.
बंधाना	स. क्रि.	देखें 'बंधवाना'।	നോ: 'ബന്ധവാനാ'	नो: 'बंधवाना'	same as 'बंधवाना'.
बंधु	पु.	1. मित्र या हितैषी;	സ്നേഹിതൻ, മിത്രം;	स्नेहितन्, मित्रं;	friend, well-wisher;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. सम्बन्धी; 3. भाई।	സ്വജനം; സഹോദരൻ	स्वजनं; सहोदरन्	kinsman, relation; brother.
बंधेज	पुं.	1. कोई नियत और परंपरागत प्रथा; 2. विभिन्न अवसरों पर संबंधियों, सेवकों आदि को दी जानेवाला धन-राशि;	സമ്പ്രദായം, രീതി, ആചാരം; കൈനീട്ടം, സമ്മാനം;	संप्रदायं, रीति, आचारं; कैनीट्टं, सम्मानं;	custom, practice; amount paid to relations, servants etc. on various social occasions;
		3. बाधा, प्रतिबंध।	തടസ്സം, നിയന്ത്രണം	तटस्सं, नियन्त्रणं.	obstacle, restriction.
बंबा	पुं.	पानी की कल।	ജലയന്ത്രം	जलयन्त्रं	hand-pump.
बंसी	स्त्री.	1. बांसुरी; 2. मछली फंसाने की कंटिया।	ഓടക്കുഴൽ; മീൻ പിടിക്കുന്ന ചൂണ്ടക്കൊളുത്ത്	ओटक्कुऴल; मीन्पिटिक्कुन्न चूण्टक्कांऴुत्त्	flute, pipe; fish-hook.
बंसूला (बसूला)	पुं.	बसूला, बढ़इयों के उपयोग का एक प्रकार का कुल्हाड़ा।	മരപ്പണിക്കാരന്റെ ഒരു ആയുധം, മഴു	मरप्पणिक्कारन्ट ऑरु आयुधं, मषु	kind of axe used by carpenters.
बंहगी	स्त्री.	भार ढोने का वह उपकरण जिसमें एक लम्बे बांस के दोनों सिरों पर रस्सी के बड़े-बड़े छीकें लटका दिए जाते हैं।	രണ്ടററത്തും ഭാരം തൂക്കിയും നടു ഭാഗം തോളത്തു വച്ചും ചുമടെടുക്കാൻ ഉപയോഗിക്കുന്ന മുള	रण्टर्रत्तुं भारं तूक्कियुं नटुभागं तोळत्तुवच्चुं चुमटट्टुक्कान् उपयोगिक्कुन्न मुळ	stick or pole with strings at both ends for carrying boxes or baskets etc., on the shoulder.
बक	पुं.	बगला।	കൊക്ക്, ബകം	कॉक्क्, बकं	kind of heron or crane.
बकझक	स्त्री.	बेकार की बात या झगड़ा।	പുലമ്പൽ, ജല്പനം,	पुलंपल्, जल्पनं,	silly talk, nonsense, babble.
बकना	स. क्रि., अ. क्रि.	ऊटपटांग या व्यर्थ की बहुत सी बातें कहना।	പുലമ്പുക, ജല്പിക്കുക, 'ചിലയ്ക്കുക'	पुलंपुक, जल्पिक्कुक, 'चिलयक्कुक'	to babble or to indulge in silly talk.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बकबक	स्त्री.	देखें 'बकझक'।	നോ 'बकझक'	नो: 'बकझक'	same as 'बकझक'
बकरम	पु.	गोंद आदि लगा कर कड़ा किया हुआ वह करारा कपड़ा जो पहनने के कपड़ों के कालर, आस्तीन आदि में लगाया जाता है।	കോളറും കഫും മററും ഉടയാതിരിക്കാൻ അകത്തു വച്ചു തയ്ക്കുന്ന ഒരിനം കട്ടിത്തുണി	कोळरुं कफुं मररुं उटयातिरिक्कान् अकत्तुवच्चु तयक्कुन्न ओरिनं कट्टित्तुणि	starched piece of cloth to be inserted in collars and cuffs to keep them stiff, buckram.
बकरा	पु.	एक प्रसिद्ध चौपाया जिसके सींग तिकोने, पीठ की ओर मुड़े हुए होते हैं, पूंछ छोटी होती है तथा शरीर से एक प्रकार की गंध आती है।	കോലാട്	कोलाट्	he-goat.
बकवाद	स्त्री.	बेकार की बात कहना, बेसिर पैर की हांकना।	പുലമ്പൽ, ജല്പനം	पुलंपल, जल्पनं	nonsensical or foolish talk.
बकवास	स्त्री.	देखें 'बकवाद'।	നോ 'बकवाद'	नो: 'बकवाद'	same as 'बकवाद'
बकवासी	पु.	बकवास करनेवाला।	വാതോരാതെ സംസാരിക്കുന്നവൻ വായാടി	वा तोरातं संसारिक्कुन्नवन्, वायाटि	idle or nonsensical talker, chatterer, prater.
बकवृत्ति	स्त्री.	बगुलों जैसी वृत्ति।	കൊക്കിനെപ്പോലെയുള്ള പെരുമാററം	कॉक्किनंप्पोलं-युळ्ळ पॅरुमाररं	heron-like behaviour, hypocrisy.
बकाया	वि.	बाकी बचा हुआ धन।	ബാക്കി നില്ക്കുന്ന (തുക)	बाक्कि निलक्कुन्न (तुक)	remaining.
	पु.	किसी काम, बात या राशि का वह अंश जिसकी अभी पूर्ति होनी शेष हो।	ബാക്കി, ശിഷ്ടം, ചെയ്തു തീർക്കാനുള്ളതു്	चॅयतुतीर्क्कानुळ्ळत्	arrears, remainder, balance.
बकैयां	स्त्री.	छोटे बच्चों की घुटनों के बल चलने की क्रिया।	മുട്ടുകുത്തി നടക്കൽ	मुट्टुकुत्ति-नटक्कल	crawling of children.
बकोटना	स. क्रि.	1. नाखूनों से कोई चीज विशेषतः शरीर की त्वचा का मांस नोचना;	മാന്തുക, മാന്തിക്കീറുക,	मान्तुक, मान्तिक्कीरुक;	to lacerate or tear with the nails, scratch;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. (ला०) कोई चीज किसी से बलपूर्वक लेना या वसूल करना।	ബലാൽക്കാരമായി എടുക്കുക, അപഹരിക്കുക,	बलात्क्कारमायि एंटुक्कुक, अपहरिक्कुक,	to extract anything forcibly from others.
बकोटा	पु.	1. बकोटने की क्रिया या भाव;	മാന്തൽ, മാന്തിക്കീറൽ;	मान्तल, मान्तिक्कीर्ल;	scratching;
		2. उतनी मात्रा जितनी चंगुल या मुट्ठी में आ जाए।	ഒരു കൈയിൽ കൊള്ളുന്നത്ര, കൈ നിറയെ,	ओरु कैयिल कॉळ्ळुन्नत्र, कै निर्यं,	handful.
बक्कल	पु.	1. छिलका या छाल; 2. बकसुआ।	തോട്; കൊളുത്ത്	तोट्; कॉळुत्त	skin or bark; buckle.
बक्स (बक्सा)	पु.	लकड़ी, लोहे आदि का बना हुआ एक तरह का ढक्कनदार आधान।	പെട്ടി, ബോക്സ്	पॅट्टि, बोक्स्	box.
बखान	पु.	1. विस्तारपूर्वक कही जानेवाली बात; 2. प्रशंसा।	വർണന, വിശദീകരണം; വാഴ്ത്തൽ, സ്തുതി,	वर्णन्, विशदीकरणं; वाष्त्तल, स्तुति,	explanation, exposition; praise, commendation.
बखानना	स. क्रि.	विस्तारपूर्वक कहना या वर्णन करना।	വിസ്തരിച്ചു പറയുക,	विस्तरिच्चु पर्युक,	to explain, to expound.
बखिया	पु.	एक प्रकार की महीन और मजबूत सिलाई, जिसमें दोहरे टांके लगाए जाते हैं।	ബലത്തിനും ഭംഗിക്കും വേണ്ടി രണ്ടിഴയിട്ടു കൊണ്ടുള്ള തയ്യൽ	बलत्तिनुं भंगिक्कुं वेण्टि रण्टिषयिट्टु-कॉण्ट्रुळ्ळ तय्यल	fine sewing with double stitching.
बखियाना	स. क्रि.	बखिया करना।	രണ്ടിഴയിട്ടു തയ്ക്കുക	रण्टिषयिट्टु तय्क्कुक	to stitch.
बखूबी	क्रि. वि.	भली प्रकार से, पूर्ण रूपेण।	നല്ലപോലെ, വേണ്ടവണ്ണം, ശരിക്ക്, മുഴുവനും, സമഗ്രമായി	नल्लपोलॆ, वेण्टवण्णं, शरिक्क्, मुषुवन्, समग्रमायि	in a good manner, well, properly, duly, thoroughly, completely, in perfection.
बखेड़ा	पु.	1. उलझन भरा काम; 2. झगड़ा या विवाद।	വൈഷമ്യം, 'നൂലാമാല'; വഴക്ക്, കലഹം, ശണ്ഠ	वैषम्य, 'नूलामाल'; वष़क्क्, कलहं, शण्ठ	entanglement, complication; quarrel, dispute.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बख्तर (बक्तर)	पुं.	लोहे के जाल का बना हुआ कवच।	ഇരുമ്പുകൊണ്ടുള്ള പടച്ചട്ട, ഇരുമ്പു കവചം	इरुंपुकोण्टुळळ पटच्चट्ट, इरुंपु कवचं	iron armour.
बख्शना	स. क्रि.	1. प्रदान कर देना; 2. दयापूर्वक छोड़ देना।	നൽകുക അനുഗ്രഹിക്കുക; മാപ്പുകൊടുക്കുക, ക്ഷമിക്കുക	नल्कुक, अनुग्रहिक्कुक; माप्पु कोटुक्कुक, क्षमिक्कुक	to give, to grant, to bestow; to forgive, to pardon, to excuse.
बख्शीश	स्त्री.	1. दान, इनाम या पुरस्कार; 2. क्षमा।	പാരിതോഷികം, ഇനാം; ക്ഷമ, മാപ്പ്	पारितोषिकं, इनां; क्षम, माप्प	donation, reward, gratuity; pardon, forgiveness.
बगल	स्त्री.	1. बाहु-मूल के नीचे का गड्ढा; 2. पक्ष।	കക്ഷം; വശം, പാർശ്വം	कक्षं; वशं, पार्श्वं	armpit; flank, side.
बगला-भगत (बगुला-भगत)	पुं.	वह जो देखने में बहुत धार्मिक तथा सीधा-सादा जान पड़ता हो, पर वास्तव में बहुत बड़ा कपटी या धूर्त हो।	കപട ഭക്തൻ, കള്ളസന്ന്യാസി	कपटभक्तन्, कळ्ळसन्न्यासि	religious hypocrite.
बगावत	स्त्री.	बलवा या राजद्रोह।	രാജ്യദ്രോഹം	राज्यद्रोहं	revolt, rebellion.
बगिया	स्त्री.	उपवन या छोटा बाग।	ചെറിയ തോട്ടം	चॆऱिय तोट्टं	small garden.
बगीचा	पुं.	छोटा बाग या फुलवारी।	ചെറിയ തോട്ടം	चॆऱिय तोट्टं	garden.
बगुला (बगला)	पुं.	एक प्रसिद्ध जल पक्षी, बक।	കൊക്ക് ,ബകം	कॊक्क्, बकं	heron, crane.
बगूला	पुं.	तेज हवा की वह अवस्था जिसमें वह घेरा बांधकर चक्कर लगाती हुई तथा ऊपर उठती हुई आगे बढ़ती है।	ചുഴലിക്കാററ്, ചക്രവാതം	चुषलिक्कारऱु, चक्रवातं	whirlwind.
बगैर	क्रि. वि.	न होने की दशा में।	ഇല്ലാതെ, ഒഴിച്ച്	इल्लातॆ, ऒषिच्च्	without, exclusive (of), excluding.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बग्घी	स्त्री.	चार पहियों की पाटनदार गाड़ी जिसे एक या दो घोड़े खींचते हैं।	ഒന്നോ രണ്ടോ കുതിരകൾ വലിക്കുന്ന വണ്ടി മേൽമൂടി	ओन्नो रण्टो कुतिरकळ् वलिक्कुन्नवण्टि मेलमूटि	four-wheeled carriage driven by one or two horses, victoria.
बघनखा	पु.	बाघ के नख के आकार प्रकार का प्राचीन शस्त्र।	പുലിനഖം	पुलिनखं	tiger's claw, resembling a tiger's claw.
बघार	पु.	दाल, सब्जी, आदि को गर्म घी, मसाले आदि का छोंक लगाने की क्रिया।	കടുകു വറക്കൽ, താളിക്കൽ	कटुकु वर्क्कल, ताळिक्कल	seasoning of saltish dishes with heated oil or ghee.
बघारना	स. क्रि.	तड़का देना या लगाना।	കടുകു വറക്കുക, താളിക്കുക	कटुकु वर्क्कुक, ताळिक्कुक	to season vegetables, pulses, etc. with onions and spices in heated oil or ghee.
बचकाना	वि.	1. बच्चों से संबंधित;	കുട്ടികളെ സംബന്ധിച്ച;	कुट्टिकळे संबन्धिच्च;	appertaining to or fit for children;
		2. अपरिपक्व।	കുട്ടികളെപ്പോലെയുള്ള	कुट्टिकळेप्पोलेयुळ्ळ	childish, immature.
बचत	स्त्री.	1. बचे हुए होने की अवस्था या भाव;	ബാക്കി, ശേഷം, ശിഷ്ടം;	बाक्कि, शेषं, शिष्टं;	residue, remainder, surplus, balance;
		2. व्यय आदि से बची रहनेवाली धन-राशि।	മിച്ചം, മിച്ചമുള്ള തുക, സമ്പാദ്യം	मिच्चं, मिच्चमुळ्ळ तुक, संपाद्यं	savings.
बचना	अ. क्रि.	1. उपयोग, कार्य या व्यय आदि हो चुकने के बाद जो कुछ शेष रहे;	മിച്ചം വരുക, ബാക്കി വരുക, അവശേഷിക്കുക;	मिच्चं वरुक, बाक्कि वरुक, अवशेषिक्कुक;	to be saved, to be left, to remain;
		2. बंधन, विपद, संकट आदि से किसी प्रकार सुरक्षित रहना;	രക്ഷപ്പെടുക;	रक्षप्पेटुक;	to escape, to be saved (from);
		3. किसी कार्य अथवा व्यक्ति से मिलने में संकोच करना।	ഒഴിഞ്ഞു നിൽക്കുക	ओषिञ्ञु निलक्कुक	to avoid.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बचपन	पु.	बाल्यावस्था या लड़कपन।	ശൈശവം, ബാല്യം	शैशवं, बाल्यं	infancy, childhood.
बचपना	पु.	1. बचपन; 2. अपरिपक्व बुद्धि का सूचक कार्य।	ബാല്യകാലം; ബാലചാപല്യം കുട്ടിക്കളി	बाल्यकालं; बालचापल्यं, कुट्टिक्कळि	childhood; childishness or childlike action.
बचा-खुचा	वि.	किसी चीज या वस्तु का बचा हुआ अंश या टुकड़ा।	ശേഷിച്ച, മിച്ചമുള്ള, ബാക്കിവന്ന	शेषिच्च, मिच्चमुळ, बाक्किवन्न	left over or remains of anything.
बचाना	स. क्रि.	1. ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ या कोई बचे, रक्षा करना; 2. उपयोग, व्यय आदि के उपरान्त भी कुछ अवशिष्ट रखना।	സംരക്ഷിക്കുക, ഒഴിവാക്കുക, ഒഴിച്ചുനിർത്തുക; മിച്ചം വയ്ക്കുക, ബാക്കിവയ്ക്കുക	संरक्षिक्कुक, ऒषिवाक्कुक, ऒषिच्चुनिर्त्तुक; मिच्चं वय्क्कुक, बाक्कि वय्क्कुक	to preserve, to protect, to shield; to save, to put or to lay by.
बचाव	पु.	1. कष्ट, संकट आदि में बचे हुए होने की अवस्था; 2. त्राण या रक्षा; 3. कष्ट, संकट आदि से बचने के लिए किया जानेवाला उपाय।	രക്ഷപ്പെടൽ, രക്ഷപ്പെടുത്തൽ; മോചനം, രക്ഷ; രക്ഷമാർഗം, രക്ഷോപായം	रक्षप्पॆटल, रक्षप्पॆटुत्तल; मोचनं, रक्ष; रक्षामार्गं, रक्षोपायं	protection, rescue; salvation or defence; act of preservation, shielding, etc.
बच्चा	पु.	1. प्राणी का नवजात शिशु; 2. बालक।	കുഞ്ഞ്, ശിശു, കുട്ടി; ആൺകുഞ്ഞ്	कुञ्ञ्, शिशु, कुट्टि; आण्कुञ्ञु	young one of a creature; child.
बच्ची	स्त्री.	छोटी लड़की।	പെൺകുഞ്ഞ്	पॆण्कुञ्ञ्	little girl.
बछड़ा	पु.	गाय का बच्चा।	കാളക്കിടാവ്	काळक्किटाव्	calf.
बछिया	स्त्री.	गाय का मादा बच्चा।	പശുക്കിടാവ്	पशुक्किटाव्	female calf.
बछेड़ा	पु.	घोड़े का बच्चा।	ആൺ കുതിരക്കുട്ടി	आण् कुतिरक्कुट्टि	colt.
बछेड़ी	स्त्री.	घोड़े का मादा बच्चा।	പെൺ കുതിര കുട്ടി	पॆण् कुतिरक्कुट्टि	female colt.
बजट	पु.	आय-व्यय का मासिक या वार्षिक लेखा।	ബജററ്	बजर्र्	budget.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बजना	अ. क्रि.	1. किसी चीज पर आघात किए जाने पर ऊंची ध्वनि निकलना;	മുഴങ്ങുക, ശബ്ദം കേൾക്കുക;	मुषङ्ङुक, शब्दं केळक्कुक;	emission of sound by striking against some thing;
		2. संगीत अथवा वाद्ययंत्र में से ध्वनि निकलना।	വാദ്യം മുഴക്കപ്പെടുക, വാദ്യയന്ത്രം വായിക്കപ്പെടുക	वाद्यं मुषक्कप्पेटुक, वाद्ययन्त्रं वायिक्कप्पेटुक	sound of some musical instrument.
बजरा	पु.	वह बड़ी नाव जो कमरे के समान खिडकियों तथा पक्की छतवाली होती है।	മേൽമൂടിയും ജനാലകളും മററും പിടിപ്പിച്ച വലിയ വള്ളം	मेलमूटियुं जनालकळुं मररुं पिटिप्पिच्च वलिय वळळं	large kind of pleasure-boat shaped like a room having ceiling and windows.
बजरी	स्त्री.	पत्थर को तोड़कर बनाए जानेवाले वे छोटे-छोटे टुकड़े जो फरश, सड़क आदि बनाने के काम आते हैं।	ഉടച്ച് ചെറു കഷണങ്ങളാക്കിയ കല്ല്, ചല്ലി, ഗ്രാവൽ	उटच्च् चंरु कषणङ्ङळाक्किय कल्ल, चल्लि, ग्रावल	gravel.
बजा	वि.	उचित, उपयुक्त, ठीक, सत्य।	ശരിയായ, ഉപയുക്തമായ, അനുരൂപമായ, യോജിക്കുന്ന	शरियाय, उपयुक्तमाय, अनुरूपमाय, योजिक्कुन्न	in place, proper, suitable, fit, becoming, right, just, true.
बजाज	पु.	कपड़े का व्यापारी।	തുണിക്കച്ചവടക്കാരൻ	तुणिक्कच्चवटक्कारन्	cloth merchant, draper.
बजाजी	स्त्री.	बजाज का काम।	തുണിക്കച്ചവടം, വസ്ത്ര വ്യാപാരം	तुणिक्कच्चवटं, वस्त्रव्यापारं	business of a cloth merchant or draper.
बजाना	स. क्रि.	कोई ऐसी विशिष्ट प्रक्रिया करना जिससे कोई वाद्य सुर, ताल, लय आदि में शब्द करने लगे।	വാദ്യയന്ത്രം വായിക്കുക, കൊട്ടുക, മുഴക്കുക, കിലുക്കുക	वाद्ययन्त्रं वायिक्कुक, कोट्टुक, मुषक्कुक, किलुक्कुक	to play (on a musical instrument), to perform or execute music, to beat (a drum, gong).
बजाए (बजाय)	अव्य.	जगह या स्थान पर अथवा बदले में।	പകരം, സ്ഥാനത്ത്	पकरं, स्थानत्त्	in place (of), in lieu of, instead of.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बटखरा	पुं.	धातु, पत्थर आदि का किसी नियत तौल का टुकड़ा।	(ത്രാസിൽ വച്ച് സാമാനങ്ങൾ തൂക്കാനുള്ള) കട്ടി	(त्रासिल् वच्च् सामानङ्ङळ् तूक्कानुळ्ळ) कट्टि	weight made from metal, stone, etc., used in weighing goods.
बटना	स. क्रि.	कई तंतुओं, तागों या तारों को एक साथ मिलाकर ऐसा मरोड़ना कि वे सब मिलकर एक हो जाएं।	(കയറും മററും) പിരിക്കുക	(कयरुं मररुं) पिरिक्कुक	twining of fibres, thread or wires into rope etc.
	अ.क्रि.	1. सिल पर मसाला आदि पीसना;	(അരകല്ലിൽ വച്ച് മുളകും മററും) അരയ്ക്കുക;	(अरकल्लिल् वच्च् मुळकुं मररुं) अरयक्कुक;	to grind spices or onions etc. on a stoneslab;
		2. हिस्से होना, विभाजित होना।	വീതിക്കപ്പെടുക, വിഭജിക്കപ്പെടുക	वीतिक्कप्पेटुक विभजिक्कप्पेटुक	to be shared, distributed, to be divided.
बटमार	पुं.	पथिकों या यात्रियों को मार्ग में मारकर धन, संपत्ति छीन लेनेवाला।	യാത്രക്കാരെ കൊന്ന് കവർച്ച ചെയ്യുന്നവൻ	यात्रक्कारे कोन्न् कवर्च्च चेय्युन्नवन्	highway-man.
बटमारी	स्त्री.	बटमार का काम या राहजनी।	പെരുവഴിക്കവർച്ച	पेरुवषिक्कवर्च्च	highway robbery.
बटला (बटुला)	पुं.	चावल, दाल आदि पकाने का चौड़े मुंह का गोल बर्तन।	വട്ടളം; വലിയ ചരുവം	वट्टळं, वलिय चरुवं	wide-mouthed big pan to cook rice, pulses etc .
बटली (बटुली)	स्त्री.	देगची या छोटा बटला।	ചെറിയ വട്ടളം, -ചരുവം	चेरिय वट्टळं, - चरुवं	a small wide-mouthed pan.
बटलोई	स्त्री.	दे० 'बटली'।	നോ: 'बटली'	नो: 'बटली'	same as 'बटली'.
बटवारा (बंटवारा)	पुं.	1. बांटने का काम;	വീതിക്കൽ, വിഭജിക്കൽ;	वीतिक्कल्, विभजिक्कल्;	act of dividing or distributing;
		2. भाइयों या रिश्तेदारों में होनेवाला संपत्ति विभाजन।	വസ്തുവകകൾ ഭാഗംവയ്ക്കൽ, വീതം വയ്പ്	वस्तुवककळ् भागं वयक्कल्, वीतं व्यप्प्	partition of property etc. amongst co-parceners.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बटा	पुं.	गणित में एक प्रकार का चिह्न जो छोटी किन्तु सीधी पड़ी रेखा के रूप में (–) होता है।	ഭിന്നസംഖ്യ എഴുതുമ്പോൾ ഇടുന്ന വര (ഉദാ: 3/10)	भिन्न संख्य एंषुतुंपोळ इटुन्न वर (उदा: 3/10)	line above the denominator in a vulgar fraction.
बटाई (बंटाई)	स्त्री.	1. बंटने या ऐंठन डालने की क्रिया या पारिश्रमिक, 2. बांटने की क्रिया।	പിരിക്കുന്നതിനുള്ള കൂലി; വിഭജിക്കൽ	पिरिक्कुन्न-तिनुळ्ळ कूलि; विभजिक्कल	act of twining or wages ; act of dividing.
बटाई-पत्र	पुं.	बटवारे से संबंधित कागज-पत्र।	ഭാഗപത്രം, ഭാഗ ഉടമ്പടി	भागपत्रं, भाग उटंपटि	deed of partition.
बटी	स्त्री.	किसी चीज की बनाई हुई छोटी गोली।	ഗുളിക, വടകം	गुळिक, वटकं	globule.
बटुआ (बटुवा)	पुं.	कपड़े, चमड़े आदि का खाने तथा ढक्कनदार आधान जिसमें रुपए-पैसे रखे जाते हैं।	പണസഞ്ചി, പഴ്സ്	पणसञ्चि, पष्स्	a small bag with divisions or folds (used for holding money, betel-nut, tobacco etc.), purse.
बटुरना	अ. क्रि.	1. इकट्ठा या एकत्र होना; 2. सिमटना या बटोरा जाना।	ഒത്തുചേരുക, ഒരിടത്താകുക; ചുരുങ്ങുക, ഒന്നാകുക	ऑत्तु चेरुक, ऑरिटत्ताकुक; चुरुङ्ङुक, ऑन्नाकुक	to be collected or to assemble; to be shrunk or amassed.
बटेर	स्त्री.	तीतर की तरह एक छोटी चिड़िया जो अधिक उड़ नहीं सकती।	തിത്തിരിപ്പക്ഷി	तित्तिरिप्पक्षि	quail, perdix olivacca.
बटोरना	स. क्रि.	छितरी या बिखरी हुई वस्तुओं को एकत्र करना।	ഒന്നിച്ചുകൂട്ടുക, ഒത്തുകൂട്ടുക	ऑन्निच्चुकूट्टुक, ऑत्तुकूट्टुक	to gather up, to assemble.
बटोही	पुं.	पथिक या मुसाफिर।	വഴിപോക്കൻ, യാത്രക്കാരൻ	वषिपोक्कन्, यात्रक्कारन्	way-farer or traveller.
बट्टा	पुं.	1. कूटने या पीसने का पत्थर;	അമ്മിക്കല്ല്, അരകല്ല്;	अम्मिक्कल्ल, अरकल्ल;	cylindrical piece of stone with which condiments, drugs etc. are pulverized;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयालम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. मूल्य में छूट।	ഡിസ്ക്കൗണ്ട്	डिस्कौण्ट्	discount.
बट्टा-खाता	पु.	महाजनों के यहां वह बही या लेखा जिसमें डूबी हुई अथवा न वसूल हो सकनेवाली रकमें लिखी जाती हैं।	കിട്ടാക്കടത്തിന്റെ കണക്ക്	किट्टाक्कटत्तिन्ट् कणक्क्	bad debts.
बट्टी	स्त्री.	1. पत्थर आदि का छोटा टुकड़ा; 2. किसी चीज का प्रायः गोलाकार खंड।	ചെറിയ അമ്മിക്കല്ല്; ഉണ്ട, ഗുളിക	चॆरिय अम्मिक्कल्ल; उण्ट, गुळिक	small piece of stone; globule.
बड़प्पन	पु.	बड़े होने की अवस्था या भाव।	മഹത്വം, മാഹാത്ম্যം	महत्वं, माहात्म्यं	greatness.
बड़बड़	स्त्री.	1. बड़बड़ाने की क्रिया या भाव; 2. व्यर्थ की बातचीत।	പിറുപിറുക്കൽ, പിറുപിറുപ്പ്; പുലമ്പൽ	पिरुपिरुक्कल, पिरुपिरुप्प्; पुलंपल	grumbling, murmuring; useless talk.
बड़बड़ाना	अ. क्रि.	1. धीरे धीरे तथा अस्पष्ट रूप से इस प्रकार बोलना कि बड़-बड़ के अतिरिक्त और कोई शब्द न सुना जा सके;	അസ്പഷ്ടമായി സംസാരിക്കുക, പിറുപിറുക്കുക;	अस्पष्टमायि संसारिक्कुक, पिरुपिरुक्कुक;	to grumble, to murmur;
		2. क्रोध में आकर आप ही आप कुछ कहते रहना।	മുറുമുറുക്കുക	मुरुमुरुक्कुक	to talk to one-self in anger.
बड़बोला	वि.	बड़ी-बड़ी बातें बघारनेवाला।	പൊങ്ങച്ചം പറയുന്ന	पॊङ्ङच्च पऱयुन्न	boaster, talkative.
बड़भागा	वि.	सौभाग्यशाली।	വലിയ ഭാഗ്യവാനായ	वलिय भाग्यवानाय	fortunate.
बड़वानल	पु.	समुद्र के अन्दर चट्टानों में रहनेवाली आग जो सबसे अधिक भीषण और प्रबल मानी गई है।	ബഡവാഗ്നി	बडवाग्नि	the submarine fire.
बड़हल	पु.	एक प्रकार का बड़ा पेड़ जो पश्चिमी घाट, पूर्वी	ആഞ്ഞിലി, ആഞ്ഞിലിച്ചക്ക	आञ्ञिलि, आञ्ञिलिच्चक्क	the tree Astocarpus

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		बंगाल और कुमाऊं की तराई में होता है तथा उसका फल।			lakovcha and the fruit thereof.
बड़हार	पुं.	विवाह हो जाने के उपरान्त कन्यापक्ष वालों द्वारा वर और वरपक्ष को दिया जाने वाला ज्योनार।	വിവാഹാനന്തരം വരനും കൂട്ടർക്കും നൽകുന്ന സദ്യ	विवाहानन्तरं वरनुं कूट्टर्क्कुं नल्कुन्न सद्य	feast given to son-in-law and his relations just after the marriage.
बड़ा	वि.	1. जो अपने आकार-प्रकार या विस्तार के विचार से औरों से बढ़चढ़ कर हो, विशाल;	വലിപ്പമുള്ള, വിശാലമായ, വിസ്തൃതമായ	वलिप्पमुळळ, विशालमाय, विस्तृतमाय	large, big, huge;
		2. जो पद, गरिमा, गुण, मर्यादा आदि की दृष्टि से बड़ा हो, महान, श्रेष्ठ;	ശ്രേഷ്ഠമായ, ഉയർന്ന, സമുന്നതമായ;	श्रेष्ठमाय, उयर्न्न, समुन्नतमाय;	grand, high, eminent, exalted;
		3. क्रिया अथवा विशेषण के गुण को बढ़ानेवाला;	വളരെ, അങ്ങേയറ്റം;	वळरे, अङ्ङेयर्रं;	very excessively, exceedingly;
		4. उरद की दाल का एक प्रकार का नमकीन पकवान।	ഉഴുന്നുവട	उषुन्नुवट	a saltish preparation of urd-pulse.
बड़ाई	स्त्री.	1. बड़े होने की अवस्था या भाव;	വലുപ്പം, ശ്രേഷ്ഠത, മഹത്വം;	वलुप्पं, श्रेष्ठत, महत्वं;	largeness, greatness, bigness, vastness, bulkiness;
		2. प्रशंसा।	പ്രശംസ	प्रशंस	praise, laudation.
बड़ा दिन	पुं.	25 दिसम्बर का दिन जो ईसाइयों का धार्मिक पर्व है।	ക്രിസ്തുമസ് ദിവസം	क्रिस्तुमस् दिवसं	X-mas day.
बड़ी	स्त्री.	आलू, दाल, सफेद कुम्हड़े आदि को पीस कर तथा उसमें नमक-मिर्च डालकर सुखाए हुए टुकड़े।	ഉരുളക്കിഴങ്ങും മററും അരച്ച് ഉണക്കുന്ന വററൽ	उरुळक्किषङ्ङुं मरुरुं अरच्चुण्टाक्कुन्न वर्रल	dried up tiny round cakes of ground pulse, potatoes etc.
बढ़ई	पुं.	लकड़ी के उपकरण बनानेवाला कारीगर।	ആശാരി, മരപ്പണിക്കാരൻ	आशारि, मरप्पणिक्कारन	carpenter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बढ़ती	स्त्री.	1. बढ़ने अथवा बढ़े हुए होने की अवस्था या भाव;	വർദ്ധനവ്, വൃദ്ധി, പുരോഗതി;	वर्द्धनव्, वृद्धि, पुरोगति;	advancement, progress, promotion, enhancement;
		2. धन-धान्य, परिवार आदि की वृद्धि।	അഭിവൃദ്ധി	अभिवृद्धि	increase in riches or family.
बढ़ना	अ. क्रि.	1. आकार, क्षेत्र, विस्तार, व्याप्ति, सीमा आदि में अधिकता या वृद्धि होना;	വർദ്ധിക്കുക, വലുതാകുക, വളരുക, വികസിക്കുക, കൂടുക, നീളുക;	वर्द्धिक्कुक, वलुताकुक, वळरुक, विकसिक्कुक, कूटुक, नीळुक;	to increase, enlarge, be enhanced, be extended, be produced, be prolonged, to extend, lengthen;
		2. आगे की ओर चलना या अग्रसर होना।	മുമ്പോട്ടു പോകുക	मुंपोट्टुपोकुक	to advance, to make headway.
बढ़नी	स्त्री.	1. झाड़ू, कूची;	മാർജ്ജനി;	मार्ज्जनि;	broom;
		2. गिनती, तौल, नाप, मान आदि में उचित या नियत से बढ़ा हुआ अंश;	കൂടുതലുള്ളത്, അധികപ്പറ്റ്;	कूटुतलुळ्ळत्, अधिकप्परर्;	excess;
		3. धन-धान्य, परिवार आदि की वृद्धि।	ക്ഷേമം, സമ്പൽ സമൃദ്ധി	क्षेमं, संपल-समृद्धि	increase in riches or family.
बढ़वाना	स. क्रि.	किसी को कुछ बढ़ाने में प्रवृत्त करना।	വർദ്ധനവ് ഉണ്ടാക്കിക്കുക	वर्द्धनव् उण्टाक्किक्कुक	to cause to increase, advance or exceed.
बढ़ाना	स. क्रि.	1. किसी को बढ़ने में प्रवृत्त करना;	പുരോഗതി കൈവരുത്തുക;	पुरोगति कैवरुत्तुक;	to promote, advance;
		2. परिमाण, मात्रा, संख्या आदि में अधिकता या वृद्धि करना;	വർദ്ധിപ്പിക്കുക, കൂട്ടുക;	वर्द्धिप्पिक्कुक, कूट्टुक;	to increase, enhance;
		3. किसी प्रकार की व्याप्ति में विस्तार करना।	വലുതാക്കുക, വികസിപ്പിക്കുക	वलुताक्कुक, विकसिप्पिक्कुक	to enlarge, extend, stretch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बढ़ा-बढ़ी	स्त्री.	1. आचरण, व्यवहार आदि में आवश्यकता या औचित्य से अधिक आगे बढ़ने की क्रिया या भाव;	ആധിക്യം, അതിരേകം, അമിതത്വം;	आधिक्यं, अतिरेकं, अमितत्वं;	exaggeration, excess;
		2. प्रतिद्वंद्विता।	മത്സരം	मत्सरं	competition.
बढ़ाव	पु.	1. बढ़ने या बढ़े हुए होने की अवस्था;	അഭിവൃദ്ധി, മുന്നേററം, പുരോഗതി;	अभिवृद्धि, मुन्नेररं, पुरागति;	increase, augmentation, advancement;
		2. फैलाव या विस्तार।	വികാസം, വിസ്താരം	विकासं, विस्तारं	extension, enlargement.
बढ़ावा	पु.	आगे बढ़कर कोई महत्वपूर्ण काम करने के लिए किसी को दिया जानेवाला प्रोत्साहन, प्रोत्साहित करने के लिए कही जानेवाली बात।	പ്രേരണ, പ്രചോദനം, പ്രോത്സാഹനം ഉത്തേജനം	प्रेरण, प्रचोदनं, प्रोत्साहनं, उत्तेजनं	inducement, incitement, encouragement, incentive, stimulus.
बढ़िया	वि.	जो गुण, रचना, रूप-रंग, सामग्री आदि की दृष्टि से उच्च कोटि का हो।	മികച്ച, മേന്മയേറിയ, ഒന്നാംതരം	मिकच्च, मेन्मयेरिय, ऒन्नांतरं	superior, excellent, of good quality.
बढ़ोतरी	स्त्री.	उत्तरोत्तर होनेवाली वृद्धि, उन्नति या तरक्की।	വർദ്ധനവ്, അഭിവൃദ്ധി, പുരോഗതി, ഉന്നതി	वर्द्धनव्, अभिवृद्धि, पुरोगति, उन्नति	increase, increment, advancement, promotion.
बतंगड़	पु.	किसी बात का व्यर्थ ही विस्तार कर देना।	വലുതാക്കി പ്പറയൽ	वलुताक्किप्परयल	exaggeration.
बतख (बत्तख)	स्त्री.	हंस की जाति की पानी की एक चिड़िया।	താറാവ്, പാത്ത	ताराव्, पात्त	duck.
बतलाना	स. क्रि.	समझाना, कहना।	പറഞ്ഞു മനസ്സിലാക്കുക	परञ्ञुमनस्सि-लाक्कुक	to explain, tell etc.
बताना	स. क्रि.	1. कोई बात कहकर किसी को कोई जानकारी या परिचय कराना;	പറയുക, പറഞ്ഞുതരുക, പറഞ്ഞു കൊടുക്കുക;	परयुक, परञ्ञुतरुक, परञ्ञुकाटुक्कुक;	to cause to comprehend or understand;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी प्रकार का निर्देश या संकेत करना।	സൂചിപ്പിക്കുക, നിർദ്ദേശിക്കുക	सूचिप्पिक्कुक, निर्देशिक्कुक	point out, direct, indicate.
बताशा (बतासा)	पु.	एक प्रकार की मिठाई जो फूल की तरह फूली और बहुत हल्की होती है।	ഒരുതരം മധുര പലഹാരം	ऒरुतरं मधुरपलहारं	sweetmeat or sugarcake (of a spongy texture and hollow within).
बतिया	स्त्री.	सब्जी के काम आनेवाला कोई छोटा कच्चा ताजा हरा फल।	പിഞ്ചുകായ്	पिञ्चुकाय्	green or unripe fruit used as vegetable.
बतियाना	अ. क्रि.	बातचीत करना।	സംസാരിക്കുക, വർത്തമാനം പറയുക	संसारिक्कुक, वर्त्तमानं पऱयुक	to talk, speak, converse, discourse.
बतौर	अव्य.	1. तरीके पर या रीति से; 2. के सदृश।	മട്ടിൽ; പോലെ, അനുരൂപമായി	मट्टिल; पोलं, अनुरूपमायि	by way (of); after the manner (of), like.
बत्ती	स्त्री.	1. प्रकाश के निमित्त जलाया जानेवाला सूत, रुई, कपड़े आदि का बटा हुआ लम्बोतरा लच्छा;	വിളക്കിലിടുന്ന തിരി;	विळक्किलिटुन्न तिरि;	wick, candle, lamp, etc;
		2. प्रकाश।	വെളിച്ചം	वॆळिच्चं	light.
बत्तीस	वि.	गिनती या संख्या में जो तीस से दो अधिक हो।	മുപ്പത്തിരണ്ട്	मुप्पत्तिरण्ट्	thirty-two.
बत्तीसा	पु.	पुष्टि के लिए बत्तीस मसालों के योग से बना एक प्रकार का लड्डू।	ശരീര പുഷ്ടിക്കുള്ള ടോണിക്ക്	शरीरपुष्टिय्-क्कुळळ टोणिक्क्	a tonic composed of thirty-two ingredients.
बत्तीसी	स्त्री.	1. एक ही प्रकार की 32 चीजों का समूह;	മുപ്പത്തിരണ്ടു സാധനങ്ങളുടെ കൂട്ടം;	मुप्पत्तिरण्टु साधनङ्ङळुटॆ कूट्टं;	an aggregate of thirty-two things;
		2. मनुष्य के 32 दांतों का समूह।	മുപ്പത്തിരണ്ടു പല്ലുകൾ	मुप्पत्तिरण्टु पल्लुकळ	a set of teeth (thirty-two in number).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बथुआ	पु.	एक प्रकार का साग।	ചീര	चीर	a kind of herb which is used as vegetable.
बद-इंतजामी	स्त्री.	कुप्रबन्ध या अव्यवस्था।	ദുർവ്യവസ്ഥ, ദുരഭരണം	दुर्व्यवस्थ, दुर्भरणं	bad management, misgovernment, mal-administration.
बदकारी	स्त्री.	कुकर्म, व्यभिचार।	ദുർന്നടപടി, ദുഷ്പ്രവൃത്തി, പാപകർമം, വ്യഭിചാരം	दुर्न्नटपटि, दुष्प्रवृत्ति, पापकर्म, व्यभिचारं	wickedness, misdeed, profligacy, licentiousness.
बदकिस्मत	वि.	जिसका भाग्य खराब हो।	ഭാഗ്യം കെട്ട, ഭാഗ്യദോഷിയായ	भाग्यं कॆट्ट, भाग्यदोषियाय	unfortunate.
बदकिस्मती	स्त्री.	भाग्य के खराब होने की अवस्था या भाव।	ദുർഭാഗ്യം, ഭാഗ്യവിപര്യയം	दुर्भाग्यं, भाग्यविपर्ययं	misfortune, bad luck.
बदचलन	वि.	जिसका आचरण खराब हो।	ചീത്തനടപടി കളുള്ള	चीत्तनटपटि-कळुळळ	ill-conducted.
बदचलनी	स्त्री.	बुरा आचरण।	ചീത്തപ്പെരുമാററം	चीत्तप्पॆरुमाररं	misconduct, bad conduct.
बदजबान	वि.	अश्लील भाषा बोलनेवाला।	ചീത്തപറയുന്ന, അശ്ലീലഭാഷ ഉപയോഗിക്കുന്ന	चीत्तपर्युन्न, अश्लीलभाष उपयोगिक्कुन्न	indecent in speech, foul mouthed, abusive.
बदजात	वि.	खराब आचरण का व्यक्ति।	നീചനായ, ദുർവൃത്തനായ	नीचनाय, दुर्वृत्तनाय	of bad disposition, vicious.
बदतमीज	वि.	जो सभ्य तौर-तरीकों से अपरिचित हो।	അപമര്യാദയായി പെരുമാറുന്ന	अपमर्यादयायि पॆरुमारुन्न	ill-mannered.
बदतमीजी	स्त्री.	असभ्यता।	മര്യാദകേട്	मर्यादकेट्	lack of manners.
बदतर	वि.	अधिक बुरा।	തീരെ വഷളായ	तीरॆ वषळाय	worse.
बददिमाग	वि.	जो किसी प्रकार संतुष्ट न हो, अहंकारी।	ദുർബുദ്ധിയായ, അസംതൃപ്തനായ, അഹങ്കാരമുള്ള, ധാർഷ്ട്യമുള്ള	दुर्बुद्धियाय, असंतृप्तनाय, अहंकारमुळळ, धार्ष्ट्यमुळळ	who cannot be pleased in any way, haughty.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बद-दिमागी	स्त्री.	असंतोष, अहंकार।	അസംതൃപ്തി, ദുഷ്ടബുദ്ധി	असंतृप्ति, दुष्टबुद्धि	discontent, haughtiness.
बद-दुआ	स्त्री.	ऐसी अहित कामना जो शब्दों के द्वारा प्रकट की जाए, शाप।	ശാപം, പിരാക്ക്	शापं, पिराक्क्	curse.
बदन	पु.	शरीर।	ശരീരം,	शरीरं	body.
बद-नसीब	वि.	जिसका भाग्य अच्छा न हो।	ഭാഗ്യം കെട്ട	भाग्यंकेट्ट	unfortunate.
बदना	स. क्रि.	1. वर्णन करना या कहना;	പറയുക, വർണ്ണിക്കുക;	परुयुक, वर्णिक्कुक;	to describe or speak;
		2. मान लेना;	സ്വീകരിക്കുക;	स्वीकरिक्कुक;	to agree;
		3. शर्त लगाना।	പന്തയം വയ്ക്കുക	पन्तयंवय्क्कुक	to bet.
बदनाम	वि.	जिसकी निंदा हो रही हो।	ദുഷ്പേരുള്ള, നിന്ദിക്കപ്പെടുന്ന	दुष्पेरुळळ, निन्दिक्कप्पंटुन्न	of bad repute, defamed.
बदनामी	स्त्री.	लोकनिंदा या अपकीर्ति।	ചീത്തപ്പേര്, ദുഷ്പേര്	चीत्तप्पेर्, दुष्पेर्	disrepute, infamy, defame.
बद-नीयत	वि.	जिसका इरादा या उद्देश्य अच्छा न हो।	ദുരുദ്ദേശത്തോടു കൂടിയ, ദ്രോഹ ബുദ്ധിയുള്ള	दुरुद्देशत्तोटु-कूटिय, द्रोहबुद्धियुळळ	ill-disposed, of bad intention.
बदनीयती	स्त्री.	बेईमानी या दगा।	ദുരുദ്ദേശം, വഞ്ചന	दुरुद्देशं, वञ्चन	bad intention.
बद-परहेज	वि.	खाने-पीने आदि में सावधानी न बरतनेवाला।	പഥ്യം ആചരിക്കാത്ത, ആഹാരാദി കളിൽ നിയന്ത്രണം പാലിക്കാത്ത	पथ्यं आचरिक्कात्त, आहारादिकळिल नियन्त्रणं पालिक्कात्त	lacking control in diet, not controlling the inclinations in diet and passions, intemperate.
बदपरहेजी	स्त्री.	खाने-पीने आदि में असावधानी।	അപഥ്യം, അമിതത്വം, അടക്കമില്ലായ്മ	अपथ्यं, अमितत्वं, अटक्कमिल्लायम	lack of control in diet, intemperance, excess.
बदबू	स्त्री.	अच्छी सुगन्ध न आना।	നാററം, ദുർഗന്ധം	नारुं, दुर्गन्धं	bad or offensive smell, stink.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बदबूदार	वि.	बुरी गन्ध से भरा हुआ।	നാറുന്ന, ദുർഗന്ധമുള്ള, ദുർഗന്ധപൂരിതമായ	नारुन्न, दुर्गन्धमुळळ, दुर्गन्धपूरितमाय	giving bad or offensive smell, stinking.
बदमाश	वि.	बुरे आचरण का व्यक्ति, दुष्ट।	തെമ്മാടിയായ, ദുർമാർഗിയായ, ആഭാസനായ	तंम्माटियाय, दुर्मार्गियाय, आभासनाय	of a bad profession or way of life, immoral, rascal.
बदमाशी	स्त्री.	बुरा आचरण, दुष्टता।	തെമ്മാടിത്തം, ദുർന്നടത്ത, നീചത	तंम्माटित्तं, दुर्न्नटत्त, नीचत	bad way of living, loose conduct, villainy, rascality.
बदमिजाज	वि.	जिसका मिजाज अच्छा न हो, तीखे स्वभाव का।	ദുഷ്പ്രകൃതിയായ	दुष्प्रकृतियाय	ill-tempered.
बदमिजाजी	स्त्री.	मिजाज खराब या तीखा होने की अवस्था या भाव।	ദുഷ്പ്രകൃതം, മുൻകോപം	दुष्प्रकृतं, मुन्नकोपं	ill-temper.
बदरंग	वि.	जिसका स्वाभाविक रंग खराब हो गया हो।	നിറം മങ്ങിയ, നിറം മാഞ്ഞ	निरं मङ्ङिय, निरंमाञ्ञ	discoloured, faded.
बदलना	अ. क्रि.	1. किसी चीज या बात का अपना पुराना रूप छोड़कर नया रूप धारण करना;	മാറുക, മാററപ്പെടുക;	मारुक, मार्रप्पेटुक;	to be changed or altered;
		2. किसी चीज, बात या व्यक्ति का स्थान किसी दूसरी चीज, बात या व्यक्ति को प्राप्त होना;	ഒരാളിന്റെ സ്ഥാനത്തു മറെറാരാളാകുക, ആളുമാറുക;	ऑराळिन्टे स्थानत्तु मर्रॉराळाकुक, आळुमारुक;	to be substituted, transferred, transformed or transplanted;
		3. आकार-प्रकार, गुण-धर्म, रूप-रंग आदि के विचार से और हो जाना अथवा पहले से बदल जाना।	രൂപം മാറുക, മറെറാരു രൂപം ധരിക്കുക	रूपं मारुक मर्रॉरु रूपं धरिक्कुक	to assume another form.
बदलवाना	स. क्रि.	1. किसी वस्तु को किसी दूसरी वस्तु से बदला लेना;	ഒന്നിനു പകരം മറെറാന്നാക്കിക്കുക;	ऑन्निनु पकरं मर्रॉन्नाक्किक्कुक;	to cause to be exchanged;
		2. बदलने का काम दूसरे से करवाना।	മാററിക്കുക, പരിവർത്തനം ചെയ്യിക്കുക	मारिर्क्कुक, परिवर्त्तनं चेय्यिक्कुक	to have or get changed or altered.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बदला	पु.	1. बदलने की क्रिया या भाव या व्यापार;	പകരം കൊടുക്കൽ;	पकरं कॉटुक्कल;	change, substitute;
		2. प्रतिकार या पलटा।	പ്രതികാരം	प्रतिकारं	revenge.
बदलाई	स्त्री.	1. बदलने की क्रिया या भाव;	വിനിമയം, കൈമാററം;	विनिमयं, कैमाररं;	barter, exchange;
		2. बदले में ली या दी जानेवाली चीज़।	കൈമാററം ചെയ്യപ്പെട്ട സാധനം	कैमाररं चॆय्यप्पॆट्ट साधनं	something given in exchange.
बदलाना	स. क्रि.	बदलवाना।	പരിവർത്തനം വരുത്തിക്കുക	परिवर्त्तनं वरुत्तिक्कुक	to cause to change.
बदली	स्त्री.	1. बदले हुए होने की अवस्था या भाव;	പരിവർത്തനം, വിനിമയം;	परिवर्त्तनं, विनिमयं;	change, exchange;
		2. किसी सेवा के कर्मचारी को एक स्थान से हटा कर दूसरे स्थान पर भेजा जाना;	സ്ഥലം മാററം;	स्थलं माररं;	transfer;
		3. आकाश में बादलों के छाए हुए होने की अवस्था या भाव;	മേഘാവൃതമായ അന്തരീക്ഷം, മേഘതിമിരം;	मेघावृतमाय अन्तरीक्षं, मेघतिमिरं;	cloudiness;
		4. बादल का टुकड़ा।	മേഘശകലം	मेघशकलं	cloud.
बदशक्ल	वि.	कुरूप या बेडौल।	വികൃതമായ, വിരൂപമായ	विकृतमाय, विरूपमाय	ill-looking, ill-shaped, ill-formed.
बदसूरत	वि.	भद्दी सूरतवाला	വൃത്തികെട്ട	वृत्तिकॆट्ट	ugly.
बदसूरती	स्त्री.	बदसूरत होने की अवस्था या भाव।	വൈരൂപ്യം, രൂപവൈകല്യം	वैरूप्यं, रूपवैकल्यं	ugliness.
बदहजमी	स्त्री.	खाई हुई चीज हजम न होने की अवस्था।	ദഹനക്കേട്, അജീർണം	दहनक्केट्, अजीर्णं	indigestion.
बदहवास	वि.	बौखलाया हुआ या उद्विग्न।	അമ്പരന്ന, പരിഭ്രമിച്ച	अंपरन्न, परिभ्रमिच्च	stupefied, bewildered.
बदहवासी	स्त्री.	उद्विग्न होने की अवस्था या भाव।	അമ്പരപ്പ്, പരിഭ്രാന്തി	अपरप्प, परिभ्रान्ति	stupefaction, bewilderment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बदी	स्त्री.	1. चांद्र मास का कृष्णपक्ष;	കറുത്തപക്ഷം, കൃഷ്ണപക്ഷം;	करुत्तपक्षं, कृष्णपक्षं;	dark phase of lunar month;
		2. बद अर्थात् बुरे होने की अवस्था या भाव।	തിന്മ, ദോഷം	तिन्म, दोषं	badness, evil.
बदौलत	अव्य.	कारण या वजह से।	കാരണമായി, മൂലം, നിമിത്തം	कारणमायि, मूलं, निमित्तं	by means (of), through, owing (to).
बद्ध	वि.	1. जो बंधा हुआ हो या बांधा गया हो;	കെട്ടപ്പെട്ട, ബന്ധിക്കപ്പെട്ട;	कट्टप्पट्ट, बन्धिक्कप्पट्ट;	bound, tied;
		2. जो किसी प्रकार के घेरे में हो;	അടയ്ക്കപ്പെട്ട;	अटयक्कप्पट्ट;	enclosed;
		3. जिस पर कोई प्रतिबन्ध या रुकावट लगी हो।	നിയന്ത്രിക്കപ്പെട്ട, പ്രതിബന്ധങ്ങളുള്ള	नियन्त्रिक्कप्पट्ट, प्रतिबन्धङ्ङळुळ	restrained, checked, withheld.
बधाई	स्त्री.	1. मंगल अवसर का गाना-बजाना;	മംഗളസൂചകമായ ഗാനാലാപം അഥവാ വാദ്യഘോഷം;	मंगलसूचकमाय गानालापं अथवा-वाद्यघोषं;	song of congratulation sung on auspicious occasion;
		2. मुबारकबाद।	അഭിനന്ദനം	अभिनन्दनं	congratulations.
बधावा	पु.	दे० 'बधाई'।	നോക്കുക 'बधाई'	नोक्कुक 'बधाई'	same as 'बधाई'.
बधिक	पु.	1. बध करनेवाला;	ആരാച്ചാർ;	आराच्चार;	killer;
		2. शिकारी।	വേട്ടക്കാരൻ	वेट्टक्कारन	hunter.
बधिया	वि., पु.	नपुंसक किया हुआ चौपाया।	(കാള, പോത്ത് മുതലായവ)	(काळ, पोत्त मुतलायव)	a castrated animal.
बधिर	वि.	बहरा।	ശ്രവണ ശക്തി ഇല്ലാത്ത,	श्रवणशक्ति-यिल्लात्त,	deaf.
बधू	स्त्री.	1. नवविवाहिता स्त्री;	നവവിവാഹിത, വധു;	नवविवाहित, वधु;	newly-married woman, bride, young wife;
		2. पुत्र की पत्नी।	പുത്രഭാര്യ, മരുമകൾ	पुत्रभार्य, मरुमकळ	daughter-in-law, son's wife.
बन	पु.	जंगल।	കാട്, വനം	काट्, वनं	forest, jungle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
बनना	अ. क्रि.	1. अनेक प्रकार के उपकरणों, तत्वों आदि के योग से कोई नई चीज तैयार होना;	ആകുക, ആയിത്തീരുക;	आकुक, आयित्तीरुक;	to be composed of various elements or parts;
		2. किसी पदार्थ का ऐसे रूप में आना जिसमें वह व्यवहार में आ सके;	തയ്യാറാക്കപ്പെടുക, ഒരുക്കപ്പെടുക;	तय्यारा़क्कप्पंटुक, ऑरुक्कप्पंटुक;	to be made ready for use, to be prepared;
		3. किसी प्रकार के रूप-परिवर्तन के द्वारा एक चीज से दूसरी नई चीज तैयार होना।	ഉണ്ടാകുക, ഉണ്ടാക്കപ്പെടുക	उण्टाकुक, उण्टाक्कप्पंटुक	to be produced, fabricated, created.
बनबिलाव	पुं.	बिल्ली की तरह का मटमैले रंग का एक जंगली हिंसक जंतु।	കാട്ടുപൂച്ച	काट्टुपूच्च	a kind of wild cat, folis caracal.
बनमानुस (बनमानुष)	पुं.	बन्दरों से कुछ उन्नत और मनुष्य से मिलते-जुलते जंगली जंतुओं का वर्ग जिसमें गोरिल्ला, चिंपैंजी आदि जंतु हैं।	മനുഷ്യക്കുരങ്ങ്, ആൾക്കുരങ്ങ്, വനമാനുഷൻ	मनुष्यक्कुरङ्ङ्, आळक्कुरङ्ङ्, वनमानुषन्	wild man of the woods, the Lemur tardigradus.
बनवाना	स. क्रि.	1. बनाने का काम दूसरे से कराना;	പണിയിക്കുക;	पणियिक्कुक;	to cause to be made, to have or get (a thing) made;
		2. किसी को कुछ बनाने में प्रवृत्त करना।	ഉണ്ടാക്കിക്കുക	उण्टाक्किक्कुक	to cause some-one to make (anything).
बनाना	स. क्रि.	किसी वस्तु को तैयार या प्रस्तुत करना।	ഉണ്ടാക്കുക, നിർമ്മിക്കുക, സൃഷ്ടിക്കുക	उण्टाक्कुक, निर्मिक्कुक, सृष्टिक्कुक	to make, form, create, prepare, finish, shape, etc.
बनाम	अव्य.	1. किसी के नाम पर;	പേരിൽ;	पेरिल्;	in the name (of), to the address (of);
		2. किसी के विरुद्ध।	എതിരെ	एंतिरे	versus.
बनाव	पुं.	1. बनने या बनाए जाने की क्रिया या भाव;	രൂപപ്പെടുത്തൽ, നിർമാണം;	रूपप्पंटुत्तल्, निर्माणं;	preparation; formation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. बनावट या रचना;	ഘടന, രചന;	घटन्, रचन्;	make or composition;
		3. शृंगार या सजावट।	അലങ്കാരം, ചമയം	अलंकारं, चमयं	decoration or make-up.
बनावट	स्त्री.	1. रचने या रचे जाने की शैली या रूप-विधान;	രചനാരീതി, ഘടന, ശില്പശൈലി;	रचनारीति, घटन्, शिल्पशैलि;	structure, construction;
		2. किसी चीज को विशिष्ट और सुन्दर रूप में लाने की क्रिया या भाव;	ശില്പ വൈദഗ്ധ്യം, കരകൗശലം;	शिल्पवैदग्ध्यं, करकौशलं;	formation, workmanship,
		3. केवल दूसरों को दिखाने के लिए बनाया गया, दिखावटी आचरण।	കൃത്രിമത്വം, വ്യാജം, പുറംപൂച്ച്	कृत्रिमत्वं, व्याजं, पुरंपूच्च्	artifice, show, display.
बनावटी	वि.	1. जिसमें केवल बनावट हो, तथ्य या वास्तविकता कुछ भी न हो;	പൊളിയായ, അയഥാർഥമായ പ്രകടനപരമായ;	पॉळियाय, अयथार्थमाय, प्रकटन्परमाय;	fictitious, unreal;
		2. वास्तविक के अनुकरण पर बनाया हुआ।	വ്യാജമായ, കള്ള-	व्याजमाय, कळ्ळ –	artificial, counterfeit.
बनाव-शृंगार	पुं.	किसी चीज की, विशेषतः शरीर की वह सजावट जो प्रायः दूसरों को आकृष्ट करने या प्रभाव डालने के लिए की जाती है।	അണിഞ്ഞൊരുങ്ങൽ, വേഷം കെട്ടൽ, ചമയൽ	अणिञ्ञॊरुङ्ङल, वेषं कॆट्टल, चमयल	make-up, decoration.
